


पेज थ्री देहरादून

हमारा दून


## संक्षिप्त समाचार

### शीशम बाड़ा प्लांट में लगे कूड़े के ढेर में आग लगने से अफरा–तफरी

**संवाददाता** विकासनगर। शीशम बाड़ा प्लांट में लगे कूड़े के ढेर में आग लगने से गुरुवार को अफरा– तफरी मच गई। दूसरी बार कूड़े के ढेर में आग लगने की घटना हुई है। सूचना पर अग्निशमन केंद्र सेलाकुई की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में लगी हुई है। इससे पहले कई दिनों में शीशम बाड़ा में बड़े कूड़े में कई दिनों के बाद आग बुझी थी। पलटन बाजार में स्मार्ट सिटी के अंतर्गत धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्य से व्यापारी परेशान हैं। व्यापारियों का आरोप है कि प्रशासन की ओर से दिए गए निर्देशों का भी निमार्णदायी एजेंसी पालन नहीं कर रही है।

### संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति ने उठाई मांग

**संवाददाता** ऋषिकेश। संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति ने सार्वजनिक वाहनों से यात्रा करने वाले यात्रियों को धामों में दर्शन के लिए प्राथमिकता दिए जाने की मांग की। साथ ही चार धाम यात्रा के संचालन के लिए अलग से ढांचा तैयार करने की मांग की है। गुरुवार को संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति के अध्यक्ष संजय शास्त्री ने इस संबंध में प्रेस वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चार धाम यात्रा उत्तराखंड में अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा स्रोत है। उन्होंने कहा कि संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति 50 वर्षों से अधिक समय से चार धाम यात्रा का संचालन कर रही है।

### नर्सेस की सेवा अद्भुत सेवा: स्वामी चिदानन्द सरस्वती

**संवाददाता** ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि नर्सेस ने जिस तरह स्वास्थ्य सेवाओं को एक नया आकर दिया वह वास्तव में अद्भुत है। नर्सेस ने कोविड के दौरान कोविड आईसीयू वार्ड में 6 से 7 घन्टे और शायद इससे भी अधिक समय तक पीपीई किट पहनकर अपने जीवन को जोखिम में डालकर कोविड रोगियों की देखभाल की हैं यह उनके हृदय की विशालता को दर्शाता हैं। कोविड –19 के समय में लोगों के स्वास्थ्य, रोगियों की देखभाल व स्वास्थ्य सेवाओं में कई बड़े परिवर्तन हुये।

### कैनाल बैंक और कैनाल टॉप योजनाओं को हरी झंडी

**संवाददाता** देहरादून। अब नदियों पर हाईड्रो पावर प्रोजेक्ट से ही नहीं, बल्कि इसके खाली पड़े किनारों और ऊपरी हिस्से से भी उत्तराखंड रोशन होगा। पायलट प्रोजेक्ट सफल होने के बाद अब उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड (यूजेवीएनएल) 100 मेगावाट के ऐसे ही कैनाल बैंक और कैनाल टॉप प्रोजेक्ट स्थापित करने जा रहा है। दरअसल, यूजेवीएनएल के तमाम हाईड्रो पावर प्रोजेक्ट संचालित हो रहे हैं। इनके कैनाल के किनारे खाली पड़े हैं।

# अंत्योदय कार्ड धारकों को प्रति वर्ष मिलेंगे तीन गैस सिलिंडर मुफ्त

**निर्णय**

■ धामी कैबिनेट के सात फैसलेः कई प्रस्तावों पर लगी मुहर, कुछ वर्ग की उम्मीदें टूटी



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की बहुप्रतिक्षित कैबिनेट बैठक में प्रदेश के सभी अंत्योदय कार्ड धारकों को प्रति वर्ष तीन गैस सिलिंडर मुफ्त देने, गेहूं खरीद से संबंधित हर वर्ष की तरह कृषकों को प्रति क्विंटल 20 रुपये बोनस देने और श्री केदारनाथ निर्माण के संबंध में जिन भवनों को एक मंजिल से बढ़ाकर दो मंजिल करनी है, उनके लिए संबंधित ठेकेदार को उसी दर पर कार्य करने की मंजूरी देने समेत सात अहम फैसलों पर मुहर लग गई।

नई सरकार से नई उम्मीदें लगाए बैठे विभिन्न कर्मचारियों और अन्य वर्गो को कोई राहत न मिलने पर उन्हें निराशा हाथ लगी है। कोरोना काल में राजकीय दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल समेत प्रदेश के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में उपनल और पीआरडी के माध्यम से रखे गए और पिछले 31 मार्च को हटा दिए गए आउटसोर्स कर्मचारियों के सेवा विस्तार पर धामी कैबिनेट में कोई निर्णय नहीं लिया है। स्वास्थ्य मंत्री की घोषणा के अनुरूप कैबिनेट में इसे लेकर फैसले की उम्मीद लगाए बैठे आउसोर्स कर्मचारियों में इससे रोष व्याप्त है।

बृहस्पतिवार को राज्य सचिवालय के विश्वकर्मा भवन स्थित वीरचंद्र सिंह गढ़वाल सभागार में प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक हुई। नए कार्यकाल में धामी कैबिनेट की अभी तक सिर्फ एक बैठक हुई है। इस बैठक में भी समान नागरिक संहिता से संबंधित एक फैसला लिया गया था। इस बैठक में सरकार ने मुफ्त रसोई गैस सिलिंडर और मुख्यमंत्री किसान प्रोत्साहन योजना पर भी निर्णय लिया है। यह दोनों ही बेहद अहम प्रस्ताव थे।

**कैबिनेट के निर्णय**

1– हरिद्वार जिला पंचायत निर्वाचन के संबंध में निर्णय लिया गया कि एडवोकेट जनरल से उक्त के संबंध में विधिक पहलु से अवगत कराएंगे। इसके पश्चात कैबिनेट निर्णय लेगी।

2– प्रदेश के सभी अंत्योदय कार्ड धारकों को प्रति वर्ष तीन गैस सिलिंडर मुफ्त दिया जाएगा। इससे संबंधित लाभार्थियों की संख्या एक लाख 84 हजार 1 सौ 42 होंगे और इस पर कुल 55 करोड़ रुपये का व्यय भार होगा।

3– गेहूं खरीद से संबंधित हर वर्ष की तरह कृषकों को प्रति क्विंटल 20 रुपये बोनस देने का निर्णय दिया गया।

4– गन्ना विभाग द्वारा शासकीय गारंटी दी जाती है इसके ऊपर प्रतिभूति शुल्क गन्ना विभाग को देना होता है, अधिनियम के अनुसार यह धनराशि गन्ना विभाग, शासन को निशुल्क रूप में देगा। यदि गन्ना मूल्य भुगतान के लिये गन्ना विभाग को धन की आवश्यकता होगी तो उसकी प्रतिपूर्ति सरकार करेगी। यदि इस शुल्क को देने के लिये धन की आवश्यकता होगी तो सरकार वित्तीय सहायता देगी।

5—– पशुपालन विभाग में कृत्रिम गर्भाधान के लिये जाने वाले कार्मिकों को पूर्व की भांति मैदान में 40 रुपए और पहाड़ में 50 रुपए दिया जायेगा।

6–श्री केदारनाथ निर्माण के संबंध में जिन भवनों को 1 मंजिल से बढ़ाकर 2 मंजिल करनी है उनके लिये संबंधित ठेकेदार को उसी दर पर कार्य करने की मंजूरी दी गयी।

7–अंतिम विधानसभा सत्रावसान की औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया गया।

### आउटसोर्स कर्मचारियों के सेवा विस्तार पर नहीं लिया गया कोई निर्णय, रोष व्याप्त

पिछले 31 मार्च को हटा दिए गए आउटसोर्स कर्मचारियों के सेवा विस्तार पर धामी कैबिनेट ने कोई निर्णय नहीं लिया है। स्वास्थ्य मंत्री की घोषणा के अनुरूप कैबिनेट में इसे लेकर फैसले की उम्मीद लगाए बैठे आउसोर्स कर्मचारियो में इससे रोष व्याप्त है।

# उत्तराखंड में वर्षवार होगी नर्सिंग स्टाफ की भर्ती

**निर्देश**

■ सौ दिन के भीतर रिक्त 2746 नर्सिंग पदों को शीघ्र भरने के निर्देश



**संवाददाता**

देहरादून। राज्य सरकार ने मेडिकल कालेजों एवं अस्पतालों में वर्षवार नर्सिंग स्टॉफ की भर्ती करने का निर्णय लिया है। विभागीय अधिकारियों को सौ दिन के भीतर रिक्त 2746 नर्सिंग पदों को शीघ्र भरने के निर्देश दे दिए गए हैं। सूबे के नर्सिंग कालेजों में रिक्त पदों पर पदोन्नति के लिए तीन माह में डीपीसी पूरी कर दी जाएगी। स्टेट कालेज आफ नर्सिंग देहरादून में फैकल्टी के लिए आवास, छात्र–छात्राओं के लिए हास्टल निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति अनुकरणीय प्रतिबद्धता, समर्पण एवं निस्वार्थ सेवाभाव रखने के लिए नर्सो की जमकर सराहना की। अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर स्टेट कालेज आफ नर्सिंग देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डा धन सिंह रावत ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया।

डा रावत ने कहा कि सरकार ने राज्य के मेडिकल कालेजों एवं चिकित्सालयों में नर्सिंग पदों को वर्षवार भरने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सौ दिन के भीतर रिक्त 2746 नर्सिंग पदों पर भर्ती की जाएगी, इसके निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिए गए हैं। डा रावत ने राज्यभर के नर्सिंग कालेजों में रिक्त पदों पर पदोन्नति के लिए तीन माह के भीतर डीपीसी करने एवं कालेजों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को दूर करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

विभागीय मंत्री ने स्टेट कालेज आफ नर्सिंग देहरादून में फैकल्टी आवास, स्टूटेंट हॉस्टल के निर्माण के लिए डीपीआर बनाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने कॉलेज में पानी की समस्या को लेकर जल संस्थान एवं पेयजल निगम के अधिकारियों की शीघ्र बैठक बुलाने की बात कही।

### अधिकारियों को पढ़ाया अतिथि सत्कार का पाठ

**संवाददाता** ऋषिकेश। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली के सदस्य राजेंद्र सिंह ने चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को अतिथि सत्कार का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को यहां की धार्मिक पहचान के अनुरूप रुद्राक्ष की माला, गंगा जली और उत्तराखंड की समुचित जानकारी देने वाला फोल्डर भेंट किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने यात्रियों को हो रही असुविधाओं को लेकर चिंता जताई। गुरुवार को ऋषिकेश नगर निगम के सभागार में आयोजित बैठक के दौरान राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण केंद्र सदस्य राजेंद्र सिंह ने कहा कि चार धाम यात्रा के दौरान यदि काफी संख्या में यात्री आ रहा है। यह उत्तराखंड राज्य के लिए सुखद स्थिति है। उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था सुधारने का यह सुनहरा अवसर है।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के. प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित। संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com

आर.एन.आई.नं0 UTTHIN\2005\15735

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।